# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 15.01.2026 समय : 18.30 पीएम

- **जयपुर में सेना दिवस परेड में अत्याधुनिक सैन्य क्षमताओं, आधुनिक युद्ध तत्परता और स्वदेशी मिसाइल प्रणालियों का प्रदर्शन।**
- **सेना दिवस के उपलक्ष में जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में शौर्य संध्या का आयोजन–रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सैनिकों के साहस को सराहा।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–सरकार बिना किसी भेदभाव के जन कल्याण की भावना से काम कर रही है।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का उद्घाटन किया–कहा–राजस्थान की धरती संस्कृति की संवाहक।**

000

जयपुर में 78वें सेना दिवस के अवसर पर आज भव्य परेड आयोजित की गयी। जगतपुरा के महल रोड पर आयोजित इस परेड में भारतीय सेना की शौर्य, पराक्रम और अत्याधुनिक सैन्य क्षमता की शानदार झलक देखने को मिली। यह पहला मौका है जब सेना परेड का आयोजन सैन्य छावनी के बाहर आम जनता के बीच हुआ है। परेड शुरू होने से पहले सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों के परिजनों को सेना मेडल प्रदान किये। परेड के दौरान जवानों की अनुशासनबद्ध टुकड़ियों ने सलामी मंच के सामने से गुजरते हुए अपनी वीरता और पेशेवर क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम में सेना की आधुनिक युद्धक क्षमताओं का व्यापक और प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। परेड का अवलोकन करने के लिए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। हमारे संवाददाता ने बताया कि परेड में आत्मनिर्भर भारत की झलक देखने को मिली।

.............

परेड के बाद मीडिया से बातचीत में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना वर्तमान चुनौतियों के साथ भविष्य की जरूरतों के आधार पर तैयारी कर रही है। इसे देखते हुए कई नयी इकाइयां खड़ी की गयी हैं, जिसकी झलक परेड में देखने को मिली। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भता एक लक्ष्य नहीं बल्कि यह रणनीतिक आवश्यकता भी बन चुकी है।

.............

सेना दिवस के उपलक्ष में एसएमएस स्टेडियम में शौर्य संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित सेना के अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की वीर धरा मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रही है। उन्होंने कहा कि यहाँ के योद्धाओं ने सदियों से सीमाओं की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है और शौर्य की यह परम्परा आज भी कायम है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के हर गांव और कस्बे में युवाओं के भीतर सेना में शामिल होकर देश सेवा करने का जज्बा और सपना दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इससे पहले, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन में सेना के जवानों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में जवानों की भूमिका सर्वोपरि है और पूरा राष्ट्र सेना के साथ मजबूती से खड़ा है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ है अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाना और सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के हित में काम कर रही है। श्री मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल देशों की संसद अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने विविधता को अपनी ताकत बनाया है। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य प्रणाली और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाया जाना ज़रूरी है।

.............

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारतीय संसद के सात दशकों से अधिक के सफर में, जन–केंद्रित नीतियों और कल्याणकारी कानूनों के निर्माण के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाया गया है।

.............

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी सम्मेलन में शिरकत की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रमंडल देशों के संसद अध्यक्ष 17 जनवरी को जयपुर का भ्रमण करेंगे। इस दौरान उनके सम्मान में विधानसभा की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम और रात्रि भोज आयोजित किया जाएगा।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल एक दिन के दौरे पर जयपुर आएंगी। राष्ट्रपति कल दोपहर जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगी, जहां से वे सीधे लोक भवन जाएंगी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, श्रीमती मुर्मु शाम को रामानंद मिशन द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। इसके बाद राष्ट्रपति शाम को दिल्ली लौट जाएंगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान की धरती सदियों से ज्ञान, कला और संस्कृति की संवाहक रही है। आज जयपुर में विश्व प्रसिद्ध 'जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को संजोने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने साहित्य को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि पुस्तकें पीढ़ियों तक ज्ञान का प्रकाश फैलाती हैं। उन्होंने मीरा की भक्ति और कन्हैयालाल सेठिया जैसे महान साहित्यकारों का स्मरण करते हुए कहा कि साहित्य ने हर दौर में राष्ट्र निर्माण का कार्य किया है।

...............

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और देश–विदेश के विख्यात लेखक और साहित्यकार उपस्थित रहे।

000

सवाईमाधोपुर शहर के 263वें स्थापना दिवस के अवसर पर 17 से 19 जनवरी तक जिला मुख्यालय पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बाघ महोत्सव और 18–19 जनवरी को अमरूद महोत्सव मुख्य आकर्षण होंगे। कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि अमरूद महोत्सव का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। दो दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा और किसानों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

000

जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में कल 'विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन' यानी वीबी–जी राम जी विषय पर एक दिन की कार्यशाला आयोजित की जाएगी। अभियान के प्रदेश संयोजक जसवंत सिंह बिश्नोई ने बताया कि इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाली इस कार्यशाला में सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भाग लेंगे, जहाँ मिशन से जुड़ी भावी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

000

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन योजना के तहत आज भरतपुर में राज्य स्तरीय श्री अन्न कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भरतपुर, डीग, अलवर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर और दौसा जिले के 500 से अधिक किसानों और एफपीओ, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में मिलेट्स ज्वार, बाजरा, रागी, कुटकी, फिंगर मिलेट्स, कंगनी, चैना, कोंदो, सावा आदि फसलों की और उनसे बनने वाले उत्पादों के बारे में कृषकों को जानकारी दी गई। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि श्री अन्न को देश दुनिया ने स्वीकारा है और उसके बेहतर परिणम भी आये हैं। उन्होंने कहा कि श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिये मंथन किया जा रहा है ताकि इसका उत्पादन और उपयोग बढ़ सके।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से झालावाड़ में आज से मल्टीमीडिया प्रदर्शनी शुरू हुई। इसका उद्घाटन जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रमुख ने पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। प्रदर्शनी में पीएम विश्वकर्मा और अटल पेंशन जैसी योजनाओं के साथ–साथ जीएसटी सुधारों पर भी विशेषज्ञों ने जानकारी दी। तीन दिन की ये प्रदर्शनी आमजन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

000